## नोट शीट

### मुख्य विकास अधिकारी / जिलाधिकारी

महोदय,

दिनांक **09-05-2025** को जल जीवन मिशन के कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में की गई।

बैठक में जिलाधिकारी महोदय, मुख्य विकास अधिकारी महोदय, डी0सी0 मनरेगा, अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण), सहायक अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण), डी0पी0एम0, टी0पी0आई0, डी0सी0 डी0पी0एम0यू0 एवं कार्यदायी फर्म मेघा इंजीनियरिंग एण्ड इन्फ्रा0लि0, के AGM एवं कार्यदायी फर्म जैक्शन विश्वराज (जे0वी0), के प्रोजेक्ट मैनेजर उपस्थित रहे। बैठक में जल जीवन मिशन फेज -2 तथा फेज-5 में स्वीकृत परियोजनाओं की समीक्षा की गई तथा आवश्यक निर्देश दिए गए।

समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त तैयार कर दाईं ओर संलग्न है। कृपया अनुमोदित करना चाहें।

अधिशासी अभियंता
उ० प्र० जल निगम(ग्रामीण),
संतकबीरनगर।

मुख्य विकास अधिकारी
संत कबीर नगर

जिलाधिकारी
संत कबीर नगर

जिलाधिकारी
सन्त कबीर नगर
27/5/2025

## दिनांक 09-05-2025 को जल जीवन मिशन के कार्यों की जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में सम्पन्न समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त

दिनांक 09-05-2025 को जल जीवन मिशन फेज-2 व फेज-5 से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में की गई। जिसमें निम्न अधिकारी/प्रतिनिधि उपस्थित रहे-

1. श्री मुख्य विकास अधिकारी महोदय, संतकबीरनगर।
2. श्री संजय जायसवाल,अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), संतकबीरनगर।
3. श्री अभिषेक पाण्डेय/श्री जे0एन0 यादव, सहायक अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), संतकबीरनगर।
4. श्री हरि प्रसाद शर्मा, **AGM,** मेघा इंजी0 एण्ड इन्फ्रा0लि0, संतकबीरनगर।
5. श्री विवेक श्रीवास्तव, **PM,** जैक्शन विश्वराज (जे0वी0), संतकबीरनगर।
6. श्री ओ0पी0 तिवारी, डी0सी0, डी0पी0एम0यू0, जल जीवन मिशन, संतकबीरनगर।
7. श्री बृजेश सिंह, प्रोजेक्ट मैनेजर, टी0पी0आई0, संतकबीरनगर।

जल जीवन मिशन के कार्यों हेतु तैनात कार्यदायी फर्मों की समीक्षा निम्नानुसार किया गया।

1. **कार्यदायी फर्म (मेघा इंजी० एण्ड इंफ्रा० लि०, हैदराबाद)**

❖ जनपद में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत मेघा इंजीनियरिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर लि, हैदराबाद को फेज-2 के अन्तर्गत कुल 449 राजस्व ग्रामों का कार्य आवंटित किया गया, जिसको सम्मलित करते हुए 171 DPR के माध्यम से संतृप्त किया जाना था। जिसके सापेक्ष फर्म द्वारा अवगत कराया गया कि 171 योजनाओं पर कार्य प्रारम्भ किया गया है एवं कुल 171 नग योजनाओं के सापेक्ष मात्र 179 नग नलकूप निर्माण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

❖ फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा बताया गया कि वर्तमान में 2 परियोजनाओं पर भूमि संबंधित विवाद है। जिसके निस्तारण हेतु तहसील में संपर्क कर प्रयास किया जा रहा है। जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा डी0सी0 डी0पी0एम0यू0 को संबंधित उपजिलाधिकारी से संपर्क स्थापित कर शीघ्र भूमि संबंधित विवाद हल करने हेतु निर्देशित किया गया।

❖ फेज-2 के कार्यों की कम्पोनेंटवार प्रगति समीक्षा में कार्यदायी फर्म मेघा इंजीनियरिंग के AGM द्वारा पम्प हाऊस 179 के सापेक्ष 170 पूर्ण कर लिया गया है तथा 07 परियोजनाओं पर पम्प हाऊस का कार्य प्रगति पर है एवं पाइपलाइन का कार्य 1450 किमी0 के सापेक्ष 1405 किमी0 पूर्ण कर लिया गया 45 किमी0 पाइपलाइन का कार्य प्रगति पर है। जिसे शीघ्र पूर्ण करने के लिए फर्म के AGM द्वारा कहा गया। ओवरहेड टैंक 171 के सापेक्ष 55 ओवरहेड टैंक का कार्य पूर्ण कर लिया गया। 103 ओवरहेड टैंक पर कार्य प्रगति पर है तथा 13 ओवरहेड टैंक का कार्य आनारम्भ है। जिसे शीघ्र आरम्भ कराने हेतु AGM द्वारा अवगत कराया गया। हाऊस कनेक्शन 56030 नग के सापेक्ष 43200 नग पूर्ण किये गये है शेष 12830 हाऊस कनेक्शन का कार्य प्रगति पर है। फर्म के AGM द्वारा अवगत कराया गया कि 171 पे0यो0 में से 142 पे0यो0 पर डारेक्ट पम्पिंग के माध्यम से ग्रामवासियों को जलापूर्ति उपलब्ध करायी जा रही है। तथा 20 नग पे0यो0 पर शतप्रतिशत कार्य पूर्ण कर शिरोपरि जलाशय के माध्यम से जलापूर्ति उपलब्ध करायी जा रही है। अधिशासी अभियन्ता जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि आवश्यक श्रमिकों की संख्या के सापेक्ष कार्यस्थल पर श्रमिकों की संख्या बहुत कम है। जिसके कारण ओवरहेड टैंक के कार्यों में आपेक्षित प्रगति नही मिल पा रही है।

Scanned with OKEN Scanner

❖ परियोजनाओं की कम्पोनन्ट-वार प्रगति निम्नानुसार हैं-

| Sr.no | Component | UOM | Target | Progress: Completed Total | Progress: Work in progress | Progress: Work not started | Progress %: Completed | Progress %: Balance to be completed | Progress %: Work in progress |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | TUBEWELL | Nos. | 179 | 179 | 0 | 0 | 100 | 0 | 0 |
| 2 | PUMP HOUSE | Nos. | 179 | 170 | 7 | 2 | 94.97 | 1.12 | 3.91 |
| 3 | PIPELINE | KM | 1450 | 1405 | 45 | - | 96.9 | - | 3.1 |
| 4 | OVERHEAD TANK | Nos. | 171 | 55 | 103 | 13 | 32.16 | 7.6 | 60.23 |
| 5 | HOUSE CONNECTION | Nos. | 56030 | 43200 | 12830 | - | 77.1 | - | 22.9 |
| A | Direct water supply | Schemes | 171 | 142 | | | 83.04% | | |
| B | 100 % commissioning | Schemes | 171 | 20 | | | 11.70% | | |
| 5 | Road Reinstatement | KM | Total Dismantling qty- 470 | Total Reinstatement Done- 466 Km | | | Progress- 99.14 % | | |

अधिशासी अभियंता द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म द्वारा शिरोपरि जलाशय के निर्माण कार्य पूर्ण होने के उपरान्त भी जलापूर्ति डारेक्ट पम्पिंग द्वारा की जा रही है। जिससे निर्धारित शिड्यूल के अनुसार जलापूर्ति नही हो पा रही है।

कार्यदायी फर्म- मेघा इंजी० एण्ड इंफ्रा०, हैदराबाद की अत्यंत धीमी प्रगति एवं पर्याप्त मैनपावर नहीं होने पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए फर्म के ए0जी0एम0 को निर्देशित किया गया कि उचित मैनपावर बढ़ाते हुए समयानान्तर्गत पेयजल योजनाओं के समस्त कार्य पूर्ण करायें।

2. <u>कार्यदायी फर्म (जैक्सन-विश्वराज जे०वी०, नई दिल्ली)</u>

❖ जल जीवन मिशन फेज-5 के अन्तर्गत चयनित फर्म जैक्शन- विश्वराज (ज्वाइंट वेन्चर), नई दिल्ली को कुल 807 राजस्व ग्राम आवंटित है, जिसके सापेक्ष 807 राजस्व ग्रामों को सम्मिलत करते हुए 290 DPR के माध्यम से संतृप्त किया जाना है।

❖ 290 परियोजनाओं मे कुल 313 ट्यूबवेल का कार्य स्वीकृत है। जिसके सापेक्ष 305 ट्यूबवेल का कार्य कर लिया गया है। कार्यदायी फर्म जैक्शन-विश्वराज के पी0एम0 द्वारा बताया गया कि 31 परियोजनाओं पर भूमि विवाद के कारण कार्य करने में विलम्ब होने की बात कही गई। जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा डी0सी0 डी0पी0एम0यू0 को संबंधित उपजिलाधिकारी से संपर्क स्थापित कर 01 सप्ताह में भूमि संबंधित विवाद हल करने हेतु निर्देशित किया गया।

❖ फेज-5 के कार्यो की कम्पोनेंटवार प्रगति समीक्षा में कार्यदायी फर्म मेघा इंजीनियरिंग के PM द्वारा पम्प हाऊस 313 के सापेक्ष 249 पूर्ण कर लिया गया है तथा 12 परियोजनाओं पर पम्प हाऊस का कार्य प्रगति पर है तथा 52 परियोजना पर पम्प हाऊस का कार्य अनारम्भ है। जिसे शीघ्र आरम्भ कराने हेतु PM द्वारा अवगत कराया गया। पाइपलाइन का कार्य 3122 किमी0 के सापेक्ष 2572 किमी0 पूर्ण कर लिया गया 46 किमी0 पाइपलाइन का कार्य प्रगति पर है तथा 504 कि0मी0 पाइप लाइन का कार्य अनारम्भ है। जिसे शीघ्र पूर्ण करने के लिए PM द्वारा कहा गया। ओवरहेड टैंक 290 के सापेक्ष 42 ओवरहेड टैंक का कार्य पूर्ण कर लिया गया। 150 ओवरहेड टैंक पर कार्य प्रगति पर है तथा 98 ओवरहेड टैंक का कार्य आनारम्भ है। जिसे शीघ्र आरम्भ कराने हेतु PM द्वारा अवगत कराया गया। हाऊस कनेक्शन 112523 नग के सापेक्ष 79849 नग पूर्ण किये गये है शेष 32674 शीघ्र पूर्ण करने हेतु PM द्वारा अवगत कराया गया। फर्म के PM द्वारा बताया गया कुल 290 नग पेयजल योजना के सापेक्ष 76 नग पेयजल योजनाओं पर डारेक्ट पम्पिंग

Scanned with OKEN Scanner

के माध्यम से सप्लाई की जा रही है एवं 10 नग पेयजल योजना पर शतप्रतिशत कार्य पूर्ण कर ओवरहेड टैंक के माध्यम से सप्लाई दी जा रही है तथा ओवर हेड टैंक के निर्माण में वर्तमान में 87 टीम लगी है। ओवरहेड टैंक का कार्य माह दिसम्बर, 2025 तक पूर्ण कर लिया जायेगा।

❖ परियोजनाओं की कम्पोनन्ट-वार प्रगति निम्नानुसार है-

| Sr.no | Component | UOM | Target | Progress | | | Progress % | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Completed | Work in progress | Work not started | Completed | Balance to be completed | Work in progress |
| 1 | TUBEWELL | Nos. | 313 | 305 | 0 | 8 | 97.44% | 2.56% | 0% |
| 2 | PUMP HOUSE | Nos. | 313 | 249 | 12 | 52 | 79.55% | 16.61% | 3.83% |
| 3 | PIPELINE | KM | 3122 | 2572 | 46 | 504 | 82.38% | 16.14% | 1.47% |
| 4 | OVERHEAD TANK | Nos. | 290 | 42 | 150 | 98 | 14.40% | 33.79% | 51.72% |
| 5 | HOUSE CONNECTION | Nos. | 112523 | 79849 | - | 32674 | 70.96% | 29.04% | - |
| | | | | | | | | | |
| A | Direct water supply | Schemes | 290 | 76 | | | 26.21% | - | - |
| B | 100 % commissioning | Schemes | 290 | 10 | | | 3.45% | - | - |
| | | | | | | | | | |
| 5 | Road Reinstatement | KM | Total Dismantling 1648 | Total Reinstatement Done- 1626 Km | | | Progress- 98.67% | | |

अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि आवश्यक श्रमिकों की संख्या के सापेक्ष कार्यस्थल पर श्रमिकों की संख्या बहुत कम है। जिसके कारण ओवरहेड टैंक के कार्यों में आपेक्षित प्रगति नही मिल पा रही है। जिसपर जिलाधिकारी महोदय द्वारा रोष प्रकट करते हुये दोनों कार्यदायी फर्मो के प्रोजेक्ट मैनेजर को आवश्यकतानुसार सभी पे0यो0 के सभी कम्पोनेंट पर मैनपावर बढ़ाते हुये कार्यों की प्रगति समयान्तर्गत पूर्ण कराना सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिये गये ।

(जयकेश त्रिपाठी)
मुख्य विकास अधिकारी
संत कबीर नगर
27/5/2025

**कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी, संतकबीरनगर।**

पत्रांक- 539 / m-14 /33 दिनांक- 28/05/2025

प्रतिलिपि-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. अपर मुख्य सचिव, मा०मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
2. अपर मुख्य सचिव, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
3. मंडलायुक्त, बस्ती मण्डल को सादर अवलोकनार्थ।
4. जिलाधिकारी, संत कबीर नगर को सादर अवलोकनार्थ।
5. अधिशासी अभियंता, उ० प्र० जल निगम(ग्रामीण), संतकबीरनगर।
6. पी०एम०, मेघा इंजी० एण्ड इंफ्रा० लि०।
7. पी०एम०, जैक्सन-विश्वराज (जे०वी०)।
8. डी०सी०, डी०पी०एम०यू०, जल जीवन मिशन, संतकबीरनगर।
9. डी०पी०एम०, थर्ड पार्टी इन्स्पेक्शन एजेंसी, जल जीवन मिशन, संतकबीरनगर।

मुख्य विकास अधिकारी
संतकबीरनगर
27/5/2025

Scanned with OKEN Scanner